# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–06 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुसार नीति आयोग ने जल प्रबंधन, संरक्षण और सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आज से 15 दिन के जल उत्सव का शुभारंभ किया है। नीति आयोग ने कहा कि जल उत्सव आज से 24 नवंबर तक 20 आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में मनाया जा रहा है। इसका आयोजन जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा किया गया है। एक पखवाड़े के दौरान विशिष्ट व्यक्ति और स्थानीय नेताओं द्वारा जल प्रबंधन संकल्प दिलाया जाएगा और जल संपदा पर तथ्यात्मक जानकारी दी जाएगी।

**********

सूर्योपासना के पावन पर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना पूजन कर मंगल कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर आज विधि विधान पूर्वक व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्पित किए जाने वाले अर्घ्य के लिए प्रसाद तैयार किया। साथ ही गुड़ की खीर और आटे की रोटी बनाकर प्रसाद के रूप में वितरित किया। कल निर्जल उपवास करते हुए व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे और शुक्रवार को उगते हुए भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर अपना व्रत संपन्न करेंगे। पर्व के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश की सभी नदियों, जलाशयों और कृत्रिम तालाबों पर साफ सफाई और रोशनी का प्रबंध किया गया है। कुशीनगर में भी छठ पर्व पर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्टः

**छठमहापर्व को लेकर कुशीनगर जिले में उत्साह चरम पर है।बाजारों में पूजा सामग्री और कपड़े की खरीददारी के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। छठमहापर्व कल से नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। छठव्रती आज शाम खरना पूजन कर रही हैं,जिसमें छठ मईया को रसियाव खीर भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण करेंगी।पुनः 36 घण्टे का निर्जला व्रत रखते हुए कल डूबते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगी तथा शुक्रवार की प्रातः उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत सम्पन्न करेंगी। विवेक पाण्डेय,आकाशवाणी समाचार, कुशीनगर**

**********

छठ पूजा को देखते हुए रेलवे विशेष रेलगाड़ियों का संचालन कर रहा है। आज दिल्ली–एनसीआर से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए लगभग 19 विशेष रेलगाड़ियां संचालित हो रही हैं। इनमें भागलपुर, अयोध्या, गया, बलिया, पटना, सहरसा, सीतामढ़ी, दरभंगा, कटरा और मुंबई के लिए विशेष रेलगाड़ियां शामिल हैं।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने आकाशवाणी से कहा कि रेलवे एक अक्टूबर से 30 नवम्बर तक लगभग सात हजार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन कर रहा है। साथ ही छठ पूजा को देखते हुए हरियाणा के हिसार से बिहार के बरौनी जंक्शन तक स्पेशल रेलगाड़ी चलाई जा रही है।

**********

छठ महापर्व के अवसर पर प्रदेश सरकार स्वच्छ घाट प्रतियोगिता 2.0 का आयोजन कर रही है। 8 नवम्बर, 2024 तक आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य घाटों पर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, और प्लास्टिक मुक्त परिवेश सुनिश्चित करना है। विभिन्न निकायों के बीच इस प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए अनेक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता के अंतर्गत घाटों पर साफ–सफाई बनाए रखने हेतु अर्पण कलश स्थापित किए गए हैं, जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

**********

जनपद हरदोई के बिलग्राम थाना क्षेत्र में आज ऑटो और डीसीएम में हुई जबरदस्त टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में छह महिलाएं, तीन पुरूष सहित एक बच्चा शामिल है। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

हादसा कटरा बिल्लौर हाईवे पर रोशनपुर गांव के पास हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हरदोई में हुए सड़क हादसे पर शोक जताया है, साथ ही घायलों के समुचित उपचार के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया है।

**********

धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने बसपा के मछलीशहर नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल को हिरासत में ले लिया है। बीते 11 सितंबर को उनके खिलाफ धोखाधड़ी सहित कूटरचित कागजात तैयार कर ट्रेलर बेचने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। क्षेत्राधिकारी मछलीशहर ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष को धोखाधड़ी के मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इन्होंने हाई कोर्ट से जमानत ले रखा था। कल जमानत की समय सीमा समाप्त होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया है।

**********

लोकगीतों की ख्यातिलब्ध गायिका पद्म विभूषण शारदा सिन्हा के निधन से आहत जनपद मिर्जापुर के साहित्यकारों ने आज शोकसभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने श्रीमती शारदा सिन्हा के निधन को लोक जीवन की अपूरणीय क्षति बताया। साहित्यकार गणेश गंभीर ने कहा कि छठ मईया के गीतों की अनन्य लोक गायिका शारदा सिन्हा छठ पर्व पर ही प्रयाण कर गयीं, यह दैवीय कृपा ही है।

**********